दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 17 सितम्बर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 19 सितम्बर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 17 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 348

# मोदी-ट्रम्प का ऐतिहासिक 'संगम'

**50 हजार लोगों को करेंगे मिलकर संबोधन**



**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 22 सितम्बर को अमेरिका के ह्यूस्टन में एक ऐसे बड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे जो इतिहास के पन्नों में दो बड़े लोकतांत्रिक एवं शक्तिशाली देशों के प्रमुखों के मंच साझा करके 50 हजार से अधिक लोगों को संबोधित करने के लिए दर्ज हो जायेगा।

व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी स्टेफिनी ग्रिशेम ने बयान जारी करके बताया कि इस कार्यक्रम में करीब 50 अमेरिकी सांसदों और भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोगों समेत 50 हजार से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम के लिए 50 हजार से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं और आठ हजार लोग प्रतीक्षा सूची में हैं। प्रवक्ता ने कहा, ट्रम्प ने इस कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति दे दी है।

मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस कार्यक्रम में शामिल की खबर पर खुशी जाहिर की है। पोप के बाद अमेरिका में किसी विदेशी नेता के लिए आयोजित होने वाला सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। मोदी के दोबारा सत्ता में आने के बाद अमेरिका में यह पहला कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित किया गया है। 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम दो ताकतवर देशों के और करीब आने की अमर कहानी रचने के साथ ही द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और विस्तार देने में अहम भूमिका निभायेगा। ऐसा पहली बार होगा जब ट्रम्प और मोदी की उपस्थिति में हजारों अमेरिकी और भारतीय नागरिक एक साथ किसी कार्यक्रम में होंगे।

अमेरिका में भारतीय राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने ट्रंप के इस कार्यक्रम में शामिल होने को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह कदम भारत और अमेरिका की दोस्ती की घनिष्ठता का परिचायक है। इससे पहले मोदी के लिए मैडिसन स्क्वायर गार्डन और कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें करीब 20 हजार लोग शामिल हुए थे। 'हाउडी-मोदी' कार्यक्रम का थीम शेयर्ड ड्रीम्स एंड ब्राइट फ्यूचर इंडिया अमेरिका स्टोरी रखा गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सतना मैहर बाईपास के उतैली में गोलू यादव और अमित कुशवाहा की हत्या उन्ही के दो साथियों ने कर दी। बताया गया कि कल शाम मौज मस्ती के लिये इकठ्ठा हुए दोस्तो के बीच किसी बात को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई। इसी दौरान कट्टा से फायर कर आरोपियों ने अमित कुशवाहा और गोलू यादव को गोली मार दी। इस मामले मे पुलिस ने राकेश अग्रवाल और नंदू चौधरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

### 99 हजार रूपयेका नेपाली जाली नोट बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के कुर्साकांटा थाना क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने करीब एक लाख रूपये मूल्य के जाली नोट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी 56 वीं बटालियन के समादेष्टा मुकेश त्यागी ने आज यहां बताया कि कल रात सूचना मिली थी कि तस्कर जाली नोट की खेप लेकर आ रहा है। इसी आधार पर देर रात हत्ता चौक के निकट घेराबंदी की गयी। इस दौरान एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान युवक के पास से थैला में रखा 99 हजार 500 रूपये का जाली बोट बरामद किया गया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। त्यागी ने बताया कि बरामद सभी नोट 500 रूपये के हैं। गिरफ्तार तस्कर डोमा यादव उर्फ संतोष जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### बाजार में स्थिरता के लिए रिजर्व तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह आपातकालीन स्थिति में बाजार में स्थिरता कायम रखने के लिए स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) से तेल का इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने ट्वीट कर कहा, सऊदी अरब में हमले के बाद पेट्रोल के दाम में किसी तरह की बढ़ोत्तरी नहीं हो इसके लिए मैं एसपीआर से रिजर्व पेट्रोल इस्तेमाल करने के लिए कह सकता हूं। मैंने टेक्सास और विभिन्न राज्यों में अनुमति प्रक्रिया में वर्तमान में तेल पाइपलाइनों की मंजूरी में तेजी लाने के लिए सभी उपयुक्त एजेंसियों को सूचित किया है। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार को सऊदी अरब के दो पेट्रोलियम कंपनी में ड्रोन हमला किया गया था जिससे पेट्रोल के उत्पादन में भारी असर पड़ा है।

### विमान हादसे में सात की मौत

**बगोटा।** कोलंबिया के दक्षिणपूर्व पोपायन शहर में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गए। अधिकारीयों ने यह जानकारी दी। कल पोपायन से लोपेज के लिए उड़ान भरने वाला ट्विन-इंजन पाइपर पीए-31-350 विमान के तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। पोपायन के मेयर सेसर गोमेज ने बताया कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### जॉर्डन ने की सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर ड्रोन हमले की निंदा

**अम्मान।** जोर्डन ने सऊदी अरब में अरामको के दो तेल संयंत्रों पर हुए ड्रोन हमले की निंदा की है। जोर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने कहा, आतंकवादियों की इस कार्रवाई का उद्देश्य सऊद अरब की सुरक्षा और स्थिरता को अस्थिर करने के साथ-साथ इस क्षेत्र में तनाव उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि शांति और स्थिरता कायम करने तथा सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला के प्रयासों में जॉर्डन पूरी तरह से सऊदी अरब के साथ है। उधर, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने भी शनिवार को फोन पर सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलाजिज अल साउद से बात कर इस इस हमले की निंदा की।

## भारतीय नौसेना की हर हरकत पर नजर

**» हिंद महासागर में नजर आया चीनी युद्धपोत**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना के खोजी विमान पी-8आई ने हिंद महासागर में घूम रहे चीनी नौसेना के एम्फीबियस युद्धपोत जियान-32 का पता लगाया है। इस तस्वीर को भारतीय नौसेना के खोजी विमान पी-8आई ने सितंबर के शुरुआती हफ्ते में लिया था। उस समय चीनी नौसेना का यह युद्धपोत श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश कर रहा था।बता दें, भारतीय जल सीमा के पास से गुजरने वाले सभी व्यावसायिक और युद्ध पोतों की निगरानी भारतीय नेवी करती है।

चीनी एंफीबियस लड़ाकू पोत शियान और मिसाइल फ्रिगेट की तस्वीर हाथ लगी है। ये तस्वीर पी-81 मेरीटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट ने ली है। तस्वीर काफी ऊंचाई से ली गई है जब एयरक्राफ्ट हिंद महासागर में पेट्रोलिंग पर तैनात था।

हिंद महासागर में प्रवेश करने वाले सभी पोतों पर भारतीय नेवी पैनी निगाह रखती है क्योंकि इस जल क्षेत्र में भारत का दबदबा है। नौसेना के पेट्रोलिंग विमान ने चीनी पोत के अलावा एक एटमी पनडुब्बी को भी ट्रैक किया है।

## बौखलाए पाक ने फिर किया सीजफायर का उल्लंघन, चार जवान घायल



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा से लगे गांवों और अग्रिम चौकियों पर पाकिस्तान की सेना ने मोर्टार के गोले दागकर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की इस नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की चौकियों को भारी नुकसान पहुंचने की सूचना है। हालांकि पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई गोलाबारी में भारतीय सेना के चार जवान घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने रविवार देर रात करीब साढे दस बजे मेंधर सेक्टर के बालाकोट क्षेत्र में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की और मोर्टार के गोले दागे। भारतीय सेना के जवानों ने इसका माकूल जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना का एक दल नियंत्रण रेखा पर सतर्क बैठा था, उसी दौरान उनके निकट मोर्टार के गोलों से विस्फोट हुआ जिससे ''कुछ सैनिक'' घायल हो गए।

## कोर्ट के बाहर सुलझ सकता है अयोध्या केस

**» सुन्नी वक्फ बोर्ड व निर्मोही अखाड़े ने सुको को पत्र लिखकर की ये अपील**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या केस की सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच मामले में रोचक मोड़ आ गया है। 23 दिन की सुनवाई बीतने के बाद अब दोनों तरफ के पक्ष फिर से कोर्ट के बाहर बातचीत से मुद्दे को सुलझाना चाहते हैं। इसके लिए दो प्रमुख पार्टियों (सुन्नी वक्फ बोर्ड और निर्वाणी अखाड़ा) ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित मध्यस्थता पैनल को पत्र लिखा है।यह विवाद अयोध्या की 2.77 एकड़ जमीन के मालिकाना हक को लेकर है। सुन्नी वक्फ बोर्ड ने साल 1961 में विवादित जमीन के मालिकाना हक के लिए केस किया था। बोर्ड ने अदालत द्वारा नियुक्त मध्यस्थता पैनल को पत्र लिखकर दोबारा बातचीत शुरू करने की मांग की है। इसी तरह की बात वाला पत्र निर्वाणी अखाड़े ने भी उच्चतम न्यायालय को लिखा है। यह अयोध्या के तीन रामआनंदी अखाड़े में से एक है जो हनुमान गढ़ी मंदिर का संचालन और देखरेख करता है।

गौरतलब है कि मध्यस्थता पैनल में शीर्ष अदालत के पूर्व जज एफएम कलीफुल्ला, आध्यात्मिक गुरु रविशंकर और मध्यस्थता के लिए मशहूर और वरिष्ठ वकील श्रीराम पंचू शामिल थे। इस पैनल की अध्यक्षता जज कलीफुल्ला कर रहे थे। पैनल ने 29 जुलाई को बातचीत बंद कर दी थी क्योंकि जमीयत उलेमा ए हिंद (मौलाना अरशद मदनी) ने कट्टरपंथी स्टैंड अपनाया और राम जन्मभूमि न्यास ने विवादित स्थल पर मंदिर बनाने की मांग की। जिसके बाद बात बिगड़ गई थी। सुन्नी वक्फ बोर्ड और निर्वाणी अखाड़े ने न्यायालय के मध्यस्थता पैनल में विश्वास जताया है और समझौते पर बातचीत करने की मांग की है। उलेमा ए हिंद और राम जन्मभूमि न्यास की वजह से बात बिगड़ने से पहले तक दोनों पक्ष लगभग अंतिम निर्णय पर आ गए थे लेकिन दो पक्षकारों के हार्ड स्टैंड के कारण यह कोशिश रुक गई थी। मध्यस्थता पैनल की प्रक्रिया आठ मार्च से शुरू हुई थी और 155 दिनों तक चली थी। अब रामआनंदी अखाड़े और निर्मोही अखाड़े ने मध्यस्थता की वकालत की है।



## मध्यप्रदेश में 11 गांव खाली कराए गए, सेना ने संभाला मोर्चा

**» बाढ़ का तांडव**



**भिंड (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के भिंड में राजस्थान के कोटा बैराज डैम से लगातार चंबल नदी पर पानी छोडे जाने के चलते नदी उफान पर है। बाढ के हालात को देखते हुए जिले के अटेर और सुरपुरा क्षेत्र के ग्यारह गांव को खाली करा लिया गया है। वहीं सेना ने भी मोर्चा संभाल लिया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार भिंड कलेक्टर छोटे सिंह, पुलिस अधीक्षक रूडोल्फ अल्वारेस ने अटेर-सुरपुरा के 11 गांवों को चिन्हित किया था। एक-एक गांव में लोगों को समझाइश देकर बताया, पानी बहुत ज्यादा आएगा। आप लोग गांव से सुरक्षति स्थानों पर चलें। इसके बावजूद ग्रामीण घर छोडने को तैयार नहीं हैं। काफी समझाइश के बाद कुछ ग्रामीण तैयार हुए। कल देर शाम तक करीब 500 महिलाएं, बच्चों और पुरुषों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

कलेक्टर छोटे सिंह व पुलिस अधीक्षक रूडोल्फ अल्वारेस ने चंबल नदी किनारे के अटेर और सुरसुरा 11 गांव चिन्हित कर लिए गए हैं। इन गांवों में पुलिस-प्रशासन के जवानों को तैनात करने का दावा किया गया है। कलेक्टर ने लोगों को समझाइश दी है कि यदि किसी तरह का खतरा हो तो रात में भी रेस्क्यू किया जाएगा। देर शाम ग्वालियर से सेना के 70 जवान अटेर पहुंचे है।

कलेक्टर-एसपी ने सेना को हाईरिस्क वाले गांवों का मुआयना करा दिया है, ताकि बाढ के ज्यादा हालात बने तो सेना तत्काल अपना काम शुरू कर देगी। चंबल नदी किनारे के गांवों में बाढ के हालात को देखते हुए कल चंबलरेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अशोक गोयल भी भिण्ड आ गए। डीआईजी ने भिण्ड के एडीशनल एसपी संजीव कंचन के साथ जायजा लिया है।

पुलिस अधीक्षक रूडोल्फ अल्वारेस ने बताया कि हमारी टीमें लगातार ग्रामीणों के संपर्क में हैं। सभी को सुरक्षति स्थानों पर आने के लिए कहा जा रहा है। चंबल पुल पर भी निगरानी बढ़वा दी है। बाढ़ के हालात को देखते हुए अतिरिक्त बल भी अटेर और सुरपुरा में तैनात किया गया है।

## ईरान के साथ बिना शर्त मुलाकात की खबर गलत : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ उनकी बिना किसी शर्त के मुलाकात की संभावनाओं को खारिज करते हुए इसे गलत करार दिया है।

ट्रंप ने ट्वीट कर कहा, एक झूठी खबर के मुताबिक मैं ईरान के साथ बिना किसी शर्त के मुलाकात के लिए तैयार हूं। यह बयान पूरी तरह से गलत है।

गौरतलब है कि गत चार सितंबर को ट्रंप ने कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के 47वें सत्र के दौरान ईरान के नेता हसन रुहानी के साथ किसी मुलाकात की संभावनाओं से इंकार नहीं कर रहे हैं जिसके बाद ऐसी खबरें आने लगी कि अमेरिका और ईरान के बीच इस दौरान कोई वार्ता हो सकती है।

इस बीच 10 सितंबर को अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने संवाददाता सम्मेलन में बताया था कि ट्रंप और रुहानी के बीच न्यूयॉर्क में मुलाकात की संभावना थी और अमेरिकी राष्ट्रपति बिना किसी पूर्व शर्त के मुलाकात के लिए तैयार थे।

## स्कूल में फंसे छात्रों को निकालने के प्रयास जारी



**चित्तौड़गढ़ (आरएनएस)।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के भैंसरोड़गढ़ क्षेत्र में एक स्कूल में पानी भर जाने से फंसे करीब साढ़े तीन सौ छात्रों एवं अध्यापकों को निकालने के आज तीसरे दिन भी प्रयास जारी है।

मौके पर मौजूद अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कलाल तथा अन्य अधिकारियों ने दावा किया है कि आज मौसम अनुकूल होने के कारण राहत कार्य में तेजी आई है और शीघ्र ही सभी को सकुशल निकाल लिया जाएगा। क्षेत्र के पुलिस वृत्ताधिकारी रामेश्वर प्रसाद दहिया ने बताया कि मौके पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमों ने भैंसरोड़गढ़ पुलिया पर अभी भी तीन फुट पानी चलने के कारण वैकल्पिक मार्ग की तलाश की है और उसके जरिए इन सभी को निकालकर कोटा ले जाया जाएगा और वहां से उनके निवास स्थलों भैंसरोड़गढ़ रावतभाटा लाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि सभी बच्चे सकुशल है। गौरतलब हो कि शनिवार दोपहर जवाहर सागर बांध से पानी छोड़े जाने के कारण चंबल नदी अचानक उफान पर आ जाने से गांव पूरी तरह पानी में घिरकर टापू बन गया था। इससे गांव में स्थित विद्यालय में ये सभी बच्चे और अध्यापक फंस गये थे। इन्हें गांव वालों ने रविवार को प्रशासन की मदद से स्कूल से निकालकर अन्य स्थान पर ले जाया गया था।

## बलात्कार के बाद दोस्त की बेटी को उतारा मौत के घाट



**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के सआदतगंज क्षेत्र में एक दरिन्दे ने अपने दोस्त की छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया और बाद में गला रेतकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुराने लखनऊ के सआदतगंज इलाके में रहने वाली छह साल की बच्ची रविवार दोपहर बाद से गायब थी। काफी देर तक बच्ची घर नहीं पहुंची। उसकी तलाश की गई ,लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने बाद में सआदतगंज थाने में बच्ची के लापता होने की सूचना दी। बच्ची के पिता ने अपने दोस्त बबलू पर बच्ची को गायब करने का संदेह जताया। उसके बाद पुलिस ठाकुरगंज के हजाराबाग स्थित बबलू के घर पहुंची ,तो आरोपी नशे की हालत में मिला। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो वह काफी देर तक गुमराह करने का प्रयास करता रहा। इसी बीच बच्ची के घरवाले दोबारा आरोपी के घर पहुंच गए और हंगामे की आशंका पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

उन्होंने बताया कि परिवारीजनों के दबाव पर पुलिस ने बबलू के घर लगा ताला तोड़ा दिया और तलाशी ली , तो उसके बेड़ के नीचे बच्ची नग्न अवस्था में खून से लथपथ हालत में मिली। पुलिस बच्ची को लेकर ट्रामा सेंटर गई जहां डाक्ट्ररों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के गले पर धारदार हथियार से निशान थे। घटना से गुस्साए बच्ची के परिवारीजनों ने रात को ट्रॉमा सेंटर और वजीरबाग में जमकर हंगामा किया और बाद में आरोपी के घर पर भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस और पीएसी तैनात करनी पडी।

गौरतलब है कि आरोपी बबलू और बच्ची के पिता की आपस में दोस्ती थी। दोनों का एक-दूसरे के घर आना जाना था। बबलू भवन निर्माण की सामग्री की दुकान पर काम करता था,लेकिन नशे की लत के कारण दुकानदार ने उसे काम से हटा दिया था।

बच्ची के पिता के अनुसार रविवार दोपहर बबलू उसके घर आया। दोनों ने साथ में खाना खाया। इसके बाद वे घर से निकले। बच्ची का पिता दुकान पर चला गया। थोड़ी देर बाद बबलू फिर दोस्त के घर पहुंचा। उसने दोस्त की बेटी को बहाने से बुलाया और अपने साथ ले लेकर चला गया। घर ले जाकर उसने बच्ची के साथ बलात्कार किया और गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी को बच्ची मामा बोलती थी।